प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

प्रधानमंत्री–वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन का विस्तार करने के साथ देश सुधार की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधारों का मूल्यांकन केवल घोषणाओं के आधार पर नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनके प्रभाव के आधार पर किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापारिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह एक नीतिगत रूपरेखा है। उन्होंने कहा कि 11 साल पहले बजट में केवल दो लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, लेकिन नवीनतम केंद्रीय बजट में यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला के आई जी एम सी अस्पताल में तीन टेस्ला एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया जिससे मरीजों को आने वाले समय में काफी लाभ होगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार अगले एक वर्ष के भीतर सभी मेडिकल कॉलेजों में हाई एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी स्थापित कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करेगी। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आई जी एस सी में नई एमआरई मशीन को स्थापित किए जाने से प्रदेशभर से यहां उपचार करवाने आने वाले मरीजों को सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 54 हजार करोड आरडीजी और 16 हजार जी एस टी कंपनसेशन मिलने कर बावजूद भी पूर्व की जयराम सरकार ने स्वास्थ्य सेवाएं के सुदृढ़ीकरण के लिए काम नहीं किया।

पीआईबी

हिमाचल प्रदेश के पत्रकारों का एक दल इन दिनों पत्र सूचना कार्यालय शिमला के माध्यम से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की यात्रा पर है। इस दौरान पत्रकारों ने कई स्थानों पर विकासात्मक योजनाओं का दौरा कर इनके बारे में जानकारी हासिल की। पत्र सूचना कार्यालय के सहायक निदेशक संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि केन्द्र सरकार का ये बेहद सराहनीय प्रयास है जिससे मीडिया कर्मियों को राज्य से बाहर के स्थल व उनकी जानकारी हासिल होती है।

भारत निर्वाचन आयोग

भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की खाली सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी अधिसूचना के तहत प्रदेश में एक सीट के लिए यह चुनाव होगा। भाजपा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल पूरा होने के बाद यह सीट खाली हो रही है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने की आखिरी तारीख 5 मार्च तय की गई है। नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को होगी। उम्मीदवार 9 मार्च तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणा भी उसी दिन होगी।